an>

Title: Regarding communal riots in the country.

श्री प्रेम सिंह चन्दूमाजरा (आनंदपुर साहिब) : माननीय सभापति जी, सहारनपुर की घटना का जो मामला मेरे मित्र योगी आदित्यनाथ जी ने उठाया है, वह बहुत ही गंभीर और संवेदनशील है। मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करूंगा, वैसे तो सब पार्टियों से निवेदन करूंगा कि इस तरह की घटनाएं फ्यूचर में न हों, तो इसको रोकने लिए सभी पार्टियों को पार्टीबाज़ी से उठ कर कोई नीति तय करनी होगी। जब दंगाकारी ऐसा करते हैं तो देश में हालात बहुत खराब हो जाते हैं। माननीय हाई कोर्ट का फैसला गुरूद्वारा साहिब के पक्ष में हुआ था। वह जमीन गुरूद्वारा साहिब के पक्ष में हुई थी। पहले तो दुकानों से सामान लूटा गया और बाद में दुकानें फूंक दी गयीं।

महोदय, मैं आपके माध्यम से सरकार से निवेदन करना चाहता हूं कि इस संवेदनशील और गंभीर मामले पर सरकार ध्यान दे और जिन लोगों का नुकसान हुआ है, उनको कंपन्सैशन दिया जाए। कम से कम दो सौ करोड़ रूपए का नुकसान हो गया है। जिन लोगों ने यह शरारत की है, उनको आइडेंटीफाई करके उन पर सख्त एक्शन लिया जाये।